तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 खेत की मेड़ पर खाना खा रही महिलाओं पर गिरी गाज, एक की मौत, दो घायल




## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पंजीयन 31 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के किसानों के लिए अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि, कोरबा ने जिले के सभी किसानों से निर्धारित समयावधि के भीतर फसल बीमा कराने की अपील की है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली संभावित फसल क्षति की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, उड़द, तुअर, मूंग, कोदो, कुटकी, मूंगफली एवं रागी फसलें अधिसूचित हैं। योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भू-धारक, बटाईदार तथा वनपट्टाधारी किसान प्राप्त कर सकते हैं।

### हरियर धरती ने पौधों का किया रोपण

**कोरबा।** हरियर धरती के द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी कोरबा क्षेत्र में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक उत्कर्ष गौरव के संरक्षण में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर एस. के. पाण्डेय, दिनेश प्रसाद, सतीश कुमार सहित हरियर मित्र गुलाब धुर्वे, आनन्द गुप्ता, धनेश्वर लाल, धर्मवीर, अजय, संजीत गोंड, अमरेश सिन्हा, नितेश, शिवम, अंगूर दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

### युवा होस्टल एसोसिएशन ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** युवा होस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की कोरबा इकाई द्वारा शनिवार की शाम 5 बजे वरिष्ठ कृषि कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आम, अमरूद, जामुन एवं लक्ष्मी तरु के लगभग 20 पौधे लगाए गए। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य को बढ़ावा देना था। नवरोपित पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए, ताकि उनका स्वस्थ विकास सुनिश्चित हो सके। राज्य चेयरमैन संदीप सेठ ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 20 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन इकाई कोषाध्यक्ष पी. एल. मिरेंद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ए. वाई. तोमर, भूपेंद्र राजपूत, डॉ. सुनील सेठ, एन. वी. विजेश, श्रीमती कल्पना सेठ, श्रीमती नविता तोमर, सुश्री रितिका सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोयला मजदूर पंचायत को बैठक में शामिल करने लिखा पत्र

**कोरबा।** एसईसीएल के चेक आफ सिस्टम मे शामिल किया गया था। परन्तु चेक आफ सिस्टम के संबन्ध में जो भी बैठक मुख्यालय मे आयांजित होता है, उसमे कोयला मजदूर संघ को शामिल नहीं किया जाता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में चेक आफ सिस्टम में संघ को शामिल किया गया था। इस संदर्भ में कोयला मजदूर पंचायत के महामंत्री विनय सिंह ने एसईसीएल के मानव संसाधन निदेशक को पत्र लिखकर एसईसीएल स्तर पर चेक आफ सिस्टम के संबंध में होने वाले बैठक में कोयला मजदूर संघ को शामिल करने की मांग की है।

### सड़क की समस्या को लेकर जनचिंतक मंच ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** समाज सेवी संगठन जन चिंतक मंच ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने ज्ञापन में उल्लेखन किया है कि ग्राम पंचायत रजगामार अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ज्ञानदीप स्कूल रजगामार से लेकर शासकीय प्राइमरी स्कूल रजगामार बस्ती की ओर उक्त सड़क का मरम्मत का कार्य अप्रैल माह में चल रहा था जोकि मरम्मत कार्य गुणवत्ताहीन था, इस मरम्मत कार्य के योजना में रोलर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा था जिसको देखते हुए संघ ने संबंधित ठेकेदार से बात की गई कि रोलर मशीन का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है तो कर्मचारी ने बताया कि रोलर मशीन खराब है।

# खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने बनाए जाएंगे 22 नए स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) द्वारा जिले के ग्रामीण एवं खनिज प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 22 नवीन उप-स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक भवन के निर्माण पर लगभग 39.95 लाख रूपये की लागत व्यय की जाएगी।

इन उप-स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय स्वास्थ्य आवश्यकताओं, सेवा अंतराल तथा क्षेत्रीय जरूरतों का विस्तृत आकलन कर स्थानों का चयन किया गया है। भवन निर्माण का कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) को सौंपा गया है, जो निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करेगी। निर्मित किए जाने वाले सभी उप स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मॉडल पर विकसित किए जाएंगे। इन केंद्रों में चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही प्रत्येक केंद्र में दो स्वास्थ्यकर्मियों के आवास की सुविधा भी विकसित की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में भी ग्रामीणों को समय पर उपचार मिल सकेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, शिशुओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के समीप बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपलब्धता से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, गैर-संचारी रोगों की जांच, प्राथमिक उपचार तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) द्वारा खनिज प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, अधोसंरचना तथा आजीविका

⏭ शेष पेज 3 पर

## स्वास्थ्य कर्मियों को आवास सुविधा भी मिलेगी

**खास बात**

- डीएमएफ के सहयोग से जिले में 22 नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का होगा निर्माण




## मीनू और व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन, नहीं हो रहा जल संकट का निराकरण

# बारिश में मिला खराब खाना, एकलव्य स्कूल के छात्रों ने घेरा विधायक को



विधायक श्री पटेल को रोककर समस्या बताते एकलव्य विद्यालय के छात्र।



गोल घेरे में बच्चों को मिलने वाला खराब चावल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से छुरी में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय में छात्रों को बारिश के मौसम में भी खराब खाना दिए जाने के मामले को लेकर प्रवेशोत्सव में शामिल होने आए विधायक को छात्रों ने रोक कर इस मामले से अवगत कराया और मीनू के हिसाब से खाना देने के लिए ज्ञापन भी सौंपा।

केन्द्र सरकार की योजना के तहत चल रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिसके निराकरण को लेकर कई मर्तबा छात्रों व स्कूल प्रबंधन ने आदिवासी विकास विभाग से पहल करने की मांग की थी। लेकिन व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। सोमवार को एकलव्य विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह अतिथि के बतौर शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब दोनों अतिथि वापस आने लगे तो छात्रों ने उनकी गाड़ियों को स्कूल के दरवाजे में ही रोक लिया। एकाएक बड़ी संख्या में छात्रों के गाड़ी के सामने आने से दोनों अतिथि अचंभित हो गए और गाड़ी से उतर गए। इस बीच छात्रों ने विधायक प्रेमचंद पटेल को बताया कि पिछले कुछ दिनों से विद्यालय प्रबंधन के द्वारा दिए जाने वाले भोजन में कीड़ा मिलने की शिकायतें सामने आ रही है इस संबंध में स्कूल प्रबंधन को भी अवगत कराया गया है कि किन्तु उनकी ओर से इस संबंध में कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई है। छात्रों का कहना था कि सरकार के द्वारा भोजन के लिए जो मीनू निर्धारित किया गया है उस मीनू के आधार पर उन्हें खाना नहीं दिया जा रहा है। पिछले लंबे समय से आवासीय विद्यालय में पानी की समस्या ⏭ शेष पेज 3 पर

### बदल दी स्कूल प्रबंधन ने व्यवस्था

आदिवासी विकास विभाग को इस बात की जानकारी दिए बिना ही स्कूल प्रबंधन ने छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की व्यवस्था बदल दी। पूर्व में बालक व बालिका के लिए अलग-अलग भोजन बनता था। कुछ वर्ष पूर्व इस व्यवस्था को स्कूल प्रबंधन ने बदलकर दोनों वर्ग का खाना एक साथ बनाना शुरू कर दिया है। जबकि बालक व बालिका के भोजन व्यवस्था के लिए अलग अलग फंड जारी किया जाता है। ऐसे में पूर्व से चली आ रही व्यवस्था को बदलना भी सवाल खड़ा करता है। वर्तमान में एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक 400 बच्चे अध्ययनरत हैं।

### छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ा असर

छात्रों ने बताया कि दूषित भोजन और गंदे पानी के कारण कई बच्चे खाज-खुजली और पेट की बीमारियों से पीड़ित हैं। कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने प्राचार्य डॉ. अहमद खान को हटाने की मांग की। उनका कहना था कि स्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने छात्रों की बातें सुनीं। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को तत्काल जांच के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सुधारी जाएगी व्यवस्था

एकलव्य विद्यालय के छात्रों ने खाने की व्यवस्था और मीनू के अनुसार खाना दिए जाने को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व में बालक बालिका दोनों के लिए अलग खाना बनता था, अब एक साथ खाना बनाया जा रहा है। छात्रों ने इस व्यवस्था को बदलने की मांग की है। जो भी अव्यवस्था है उसका सुधार कार्य किया जाएगा।

-श्रीकांत कसेर, एसी ट्रायबल

* कोरबा। कुसमुंडा फोर लेन मार्ग में बीते रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार चालक ने सायकल सवार व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# वृद्धा की हत्या कर दंपती पर जानलेवा हमला करने वाला निकला नाती दामाद



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली क्षेत्र में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या और उसके पुत्र व उसके बहू पर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामले आया था। पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं मामले की मॉनीटरिंग कर रहे थे जिसके चलते पुलिस ने इस सनसनी के हत्या के मामले का खुलासा किया है। हत्या किसी और नहीं बल्कि मृतिका के नाती दामाद ने ही हत्या की थी। वह अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था इसी बात को लेकर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला चैतमा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत ईरफ के हर्राडीह में घटित हुई थी।



आरोपी हीरालाल।

**खास बातें**

- चौबीस घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को भेजा सलाखों के पीछे
- एसपी के निर्देश पर पुलिस ने सुलझाया मामला

### चरित्र को लेकर करता था संदेह

जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि आरोपी हीरालाल पिता प्यारेलाल की पहली पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी जिसके बाद हीरालाल ने ग्राम हर्राडीह निवासी समारीन बाई धनवार की नतनीन बंदनिया बाई से दूसरा विवाह किया था। इस दौरान हीरालाल उसके चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर उसके बीच अक्सर मारपीट की घटना होती थी। कई बंदनिया बाई अपने पति हीरालाल को छोड़कर अपने मायके हर्राडीह आ चुकी थी। इसे लेकर कई बार पूर्व में सामाजिक बैठक हुई थी और हीरालाल को समझाइश दी गई थी। वारदात के दो दिन पहले ही हीरालाल की पत्नी बंदनिया बाई नीम पानी से कहीं चली गई थी, जिसके बाद वारदात के दिन हीरालाल सुबह अपनी पत्नी बंदनिया बाई की खोजबीन के लिए हर्राडीह गया हुआ था उसे यह लगता था कि उसके अवैध गतिविधियों में उसके ससुरालवालों का हाथ है। सुबह जब बंदनिया बाई हर्राडीह में नहीं मिली तो हीरालाल अपने गांव लौट गया और शनिवार की रात से फिर से ससुराल हर्राडीह पहुंचा और इसी द्वेष वश उसने पहले समारीन बाई के सिर पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घात उतार दिया और चैतराम व उसकी पत्नी पर हमला कर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गया था।

# कोरबा व कटघोरा में लोनर मचा रहा उत्पात, बंजारी में तीन मकानों को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल के एमतानगर रेंज में लोनर हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोनर हाथी एक बार फिर रविवार की रात बंजारी गांव में घुसकर भारी उत्पात मचाया। इस दौरान लोनर हाथी ने बंजारी के चेरवापारा में तीन मकानों को निशाना बनाया है। लोनर हाथी ने चौबीस घंटे में लगभग तीन घरों को नुकसान पहुंचाया है। हाथी मित्र दल तथा वन विभाग के कर्मचारी गांव में मुनारी कराकर ग्रामीणों सतर्क कर रहे हैं और हिदायत दे रहे हैं कि जंगल की ओर ना जाए और हाथी की जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें।




हाथी के हमले से क्षतिग्रस्त मकान।

बताया जाता है कि लोनर हाथी रविवार की रात 11 बजे के बाद एका एक जंगल से निकलकर बंजारी गांव जा धमका और गांव में निवास करने वाले सबली बाई पति शिवधन, श्याम बाई पति अमीर, बुधवारों पति बुधराम सहित एक अन्य ग्रामीण के मकान को निशाना बनाते हुए ध्वस्त कर दिया है। घटना में ग्रामीणों के घरेलू समान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग एवं हाथी मित्र दल को दिये। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ⏭ शेष पेज 3 पर

## उद्योग मंत्री ने किया पौधरोपण, ट्री-एटीएम का शुभारंभ

# ऑपरेशन सिंदूर वाटिका में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमण्डल कटघोरा द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम सोमवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजस ढेलवाडीह में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में ऑपरेशन सिंदूर वाटिका का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत उपस्थित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक प्रेमचंद पटेल, डॉ. पवन कुमार सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत, संजय शर्मा, अभिषेक गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों में वनमण्डलाधिकारी कटघोरा, अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (वन) पाली एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ट्री-एटीएम का फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया गया, जो नागरिकों तक निःशुल्क पौध वितरण को सुगम बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। इस अवसर पर अतिथियों ने कटघोरा वनमण्डल द्वारा इस वर्ष रोपित लगभग 9 लाख पौधों की सराहना करते हुए वन विभाग के अमले द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर रंगारंग ⏭ शेष पेज 3 पर



वन महोत्सव का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री।




## खबर संक्षेप

### नशीले टेबलेट व गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने नशीले टेबलेट व गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि जूना बिलासपुर पचरीघाट नदी किनारे एक युवक नशीले टेबलेट व गांजा रखकर बिक्री करने के लिए घूम रहा है। उन्होंने स्टाप के साथ मौके पर दबिश देकर पचरीघाट निवासी देवेन्द्र इंगले पिता दीपक इंगले 23 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 139 नग प्रतिबंधित टेबलेट, 800 ग्राम गांजा, बिक्री रकम 1000 रुपए व बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### वीडियो वायरल करने की धमकी, युवती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लड़का बनकर युवती से दोस्ती कर उसकी अश्लील फोटो लेने, फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए



की मांग करने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती से स्नेहा मोंगरिया नाम की युवती लड़का बनकर मोबाइल में बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसने युवती ने अश्लील फोटो ले ली। उसके बाद उक्त अश्लील फोटो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की। नहीं देने पर युवती के रिश्तेदार भाई के वाट्सएप में फोटो भेज दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 3, 79, 67 ए के तहत आरोपी स्नेहा मोंगरिया को गिरफ्तार कर लिया है।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले दंपती गिरफ्तार



**बिलासपुर।** युवक को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले दंपती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, हिर्री निवासी राहुल साहू पिता रमेश साहू 22 साल का रेलवे केनटिन में नौकरी लगाने के नाम पर माता पिता ने इंद्रकुमार वैष्णव उर्फ भवानी, उसकी पत्नी अंबिका को पैसा दिए थे। नौकरी नहीं लगने पर राहुल पैसा मांगने उनके घर गया तो अंबिका ने धमकी दी बार बार पैसा मांगने आएगा तो बलात्कार के झूठे केस में फंसा देगी। उसके बाद पति पत्नी लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। डर में आकर राहुल साहू ने 9 मार्च 2026 को आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद बीएनएस की धारा 108, 3, 5 के तहत आरोपी लिमतरा निवासी इंद्रकुमार वैष्णव उर्फ भवानी, उसकी पत्नी अम्बका वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया है।


---

**स्कूलों में होने के बावजूद, लोकेशन एक से डेढ़ किमी दूर दिखाई दे रहा** | **हाजिरी नहीं लगाने पर वेतन काटा जाएगा, इससे आक्रोश और मानसिक तनाव**

# स्कूल खुलते ही हजारों शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने मोबाइल लेकर घूम रहे, कहीं सर्वर डाउन, कहीं जवाब दे रहा एप

**बिलासपुर।** शिक्षकों की निगरानी और उपस्थिति को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप सवालों के घेरे में आ गया है। जिस व्यवस्था को शिक्षा विभाग ने सख्ती के साथ लागू किया और उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर वेतन रोकने तक की चेतावनी दे दी, वही व्यवस्था जिले में लड़खड़ाती नजर आ रही है।

स्कूल खुलते ही हजारों शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मोबाइल लेकर बैठ जा रहे हैं लेकिन कहीं सर्वर जवाब दे रहा है तो कहीं ऐप ने। कई जगहों पर शिक्षक स्कूल पहुंच गए, लेकिन उनकी मौजूदगी सिस्टम में दर्ज नहीं हो सकी। इससे शिक्षकों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति है। रोजाना एप का सर्वर डाउन रहने के कारण हजारों शिक्षक हाजिरी दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। इसके अलावा, स्कूलों में उपस्थित होने के बावजूद एप में शिक्षकों का लोकेशन संस्था से एक से डेढ़ किलोमीटर दूर दिखाई दे रहा है, जिससे शिक्षक परेशान हैं। एक तरफ जहां तकनीकी दिक्कतों से शिक्षक जूझ रहे हैं, वहीं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए आदेश ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। विभाग ने चेतावनी दी है कि एप से हाजिरी न लगाने पर शिक्षकों को अनुपस्थित मानकर उनका वेतन काटा जाएगा। इस फरमान से शिक्षकों में आक्रोश और मानसिक तनाव है। शिक्षकों का कहना है कि विभाग का यह आदेश अव्यावहारिक है और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है। प्रधान पाठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सिंह बिसेन की याचिका पर हाईकोर्ट ने निजी मोबाइल में वीएसके एप डाउनलोड करने और इसके कारण किसी भी शिक्षक पर कार्रवाई करने पर रोक लगाई है। कमलेश बिसेन के अनुसार, विभाग कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या कर रहा है। अदालत ने स्पष्ट रूप से सभी शिक्षकों को राहत दी है, क्योंकि निजी मोबाइल में सरकारी एप से निजता का हनन और साइबर ठगी का खतरा है। सरकार को इसके लिए अलग से डिवाइस देना चाहिए।




### ऐप बार-बार हैंग, फेस रिकॉग्निशन भी नहीं

शिक्षकों का आरोप है कि विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर सख्त आदेश तो जारी कर दिया, लेकिन जमीनी स्तर पर जरूरी तकनीकी तैयारियां नहीं की गईं। दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट नेटवर्क की स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य बनाना शिक्षकों के लिए नई परेशानी खड़ी कर रहा है। कई शिक्षकों ने बताया कि ऐप बार-बार हैंग हो रहा है। कुछ मामलों में फेस रिकॉग्निशन काम नहीं कर रहा था, जबकि कई शिक्षकों की लोकेशन गलत दिखाती है। नतीजा यह हुआ कि विद्यालय में मौजूद रहने के बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। ज्ञात हो प्रदेश के अधिकांश शिक्षकों ने अपने निजी मोबाइल में निजी डेटा के हैक होने के बाद भी वीएसके एप लोड किया हुआ है, जबकि प्रदेश भर के शिक्षकों की यह मांग है कि वी एस के एप की जगह बायोमेट्रिक ऑनलाइन अटेंडेंस से प्रदेश भर के शिक्षकों की उपस्थिति ली जाए।

### बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा ऐप की चिंता

शिक्षक संगठनों का कहना है कि नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में शिक्षकों का ध्यान विद्यार्थियों की पढ़ाई और कक्षाओं की व्यवस्था पर होना चाहिए था, लेकिन अधिकांश समय ऐप की तकनीकी समस्याओं से जूझने में निकल रहा है। इसका असर सीधे तौर पर शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। शिक्षक संघ की ओर से कहा गया है कि जब तक वीएसके ऐप पूरी तरह स्थिर और तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हो जाता, तब तक मैनुअल उपस्थिति व्यवस्था को जारी रखा जाए। साथ ही तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर किसी भी शिक्षक के वेतन या सेवा अभिलेख को प्रभावित न किया जाए।

### तकनीकी त्रुटि को पहले दूर किया जाए

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है की डीपीआई द्वारा वीएसके एप से ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन आहरण करने एवं कम उपस्थिति पर वेतन काटने का निर्देश पूर्णतः गलत है। अभी पूरे प्रदेश में वीएसके ऐप में तकनीकी त्रुटि के कारण सही उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही है, लोकेशन की समस्या है, दूरी बताने की समस्या है, नेटवर्क की समस्या है, इन समस्याओं के कारण शाला प्रारंभ होने के पूर्व पहुंचने वाले शिक्षकों की भी उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में वी एस के एप की तकनीकी त्रुटि को दूर किए बिना और शाला में शिक्षक उपस्थिति पंजी के सत्यापन के बिना शिक्षको के वेतन काटने के फरमान का गलत है।

---

**गुरूनानक चौक में आटो वाले को लाठी से पीटते हुए दौड़ाया, वीडियो वायरल**

# शहर में चाकूबाजों व गुण्डे बदमाशों का तांडव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा क्षेत्र में बीच बवाव करने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। वहीं सरेराह गुण्डे बदमाश तांडव



मचाते हुए आटो वाले का पीछा कर लाठी से मारपीट कर रहे हैं। दोनों वारदात का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। दोनों वारादातों ने क्षेत्र की पुलिसिंग की पोल खोलकर रख दी है।

हेमूनगर निवासी अमन सिन्हा पिता कुलदीप सिन्हा ने बताया, 26 जुलाई की रात 10.30 बजे उसके दोस्त अनिल के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे थे। दोस्त के साथ मारपीट करते देख अमन बीच बचाव करने गया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर व बांए गाल में चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोस्तों के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मारपीट व चाकूबाजी का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।



आटो चालक की पिटाई करते बदमाश।

### सरेराह आटो चालक को दौड़ाकर लाठी से मारपीट

27 जुलाई को सोशल मीडिया में आटो चालक को दौड़ाकर लाठी से मारपीट कर बाइक से पीछा करने का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो गुरूनानक चौक का बताया जा रहा है। वीडियो में चार पांच युवक लाठी लेकर आटो वाले की पीछा करते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में गुण्डे बदमाश इतने बेखौफ हो गए हैं कि सरेराह लोगों को दौड़ा दौड़ाकर मारपीट कर रहे हैं। पुलिसगुण्डे बदमाशों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

### दो गुटों के बीच चाकूबाजी, 8 युवक गिरफ्तार

पुरानी रंजिश में दो गुटो के बीच मारपीट कर चाकू से हमला किया गया था। जिसमें दो युवक घायल हो गए थे। पुलिस ने 8 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। 26 जुलाई की रात 9 बजे सिरगिट्टी कोरमी रोड मैटिक चौक पर पुरानी रंजिश को लेकर नरेन्द्र यादव व सुनील निर्मलकर के बीच नशे में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए हाथा पाई करने लगे। इसी बीच दोनों गुटों ने चाकू निकालकर एक दूसरे पर हमला कर दिया था। जिससे दोनों घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के हमलावर रोशन मण्डावी आर्दशनगर, सोनू मरावी परसदा, सुनील निर्मलकर रूचिका विहार, नरेन्द्र यादव रूचिका विहार, हर्ष फ्रान्सिस आर्दशनगर, एन हरिश भवानी नगर, निखिल मानिकपुरी मैट्रिक चौक, ओमप्रकाश लहरे मैट्रिक चौक निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा निवासी देवेन्द्र गुप्ता रेपिडो चालक का काम करते हैं। 26



जुलाई की सुबह 9.30 बजे वे ग्राहक को छोड़कर लौट रहे थे। राहुल गोस्वामी ने रास्ता रोका और चाकू दिखाकर अंकुश यादव के खिलाफ झूठी शिकायत की किए हो कहकर गाली गलौज कर शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर 13 हजार रुपए व आधार कार्ड लूट लिया। रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने देवेन्द्र की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 119, 126, 2, 296, 309, 4, 351, 3 के तहत आरोपी राहुल गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सरकण्ड में भी चला चाकू

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा ईमलीभाठा निवासी गोपी रोहिदास शादी का निमंत्रण देने जा रहा था। रास्ते में श्याम सारथी, आशु ने पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पेट पर चाकू से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हमलावरों की पतासाजी की जा रही

आटो वाले का पीछा कर मारपीट करने की जानकारी मिली है। पीड़ित पक्ष रिपोर्ट लिखाने नहीं आया है। हेमूनगर में आपसी विवाद पर मारपीट की घटना हुई थी। एक युवक पर कटर से हमला किया गया था। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है।

**-गगन कुमार**, प्रशिक्षु आईपीएस सीएसपी

---

**"मक्कार" शब्द ने पकड़ा तूल**

# इंजीनियरों ने किया कलेक्टोरेट और नगर निगम का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम की एमआईसी में इंजीनियरों को कथित तौर पर "मक्कार" शब्द का इस्तेमाल किए जाने का विवाद अब तूल पकड़ने लगा है। सोमवार को निगम के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में निगम के इंजीनियरों ने नगर निगम और कलेक्टोरेट का घेराव किया। कलेक्टर, महापौर व नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इंजीनियरों ने इसे पूरे इंजीनियरिंग संवर्ग की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर प्रतिष्ठा पर सीधा आघात बताया।

- **एमआईसी मेंबर से सामूहिक माफी मांगने और निगम में रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग**

ध्यान रहे कि 24 जुलाई को आयोजित एमआईसी की बैठक में सदस्य बंधू मौर्य ने निगम के सभी इंजीनियरों के संदर्भ में "मक्कार" शब्द का प्रयोग करते हुए सामूहिक टिप्पणी की थी। इंजीनियरों का कहना है कि यह केवल कार्यों की समीक्षा या आलोचना नहीं थी, बल्कि पूरे अभियंता वर्ग की सत्यनिष्ठा, कार्यप्रणाली और पेशेवर छवि पर सार्वजनिक सवाल खड़े करने वाली टिप्पणी थी। उनका कहना है कि किसी संवैधानिक और संस्थागत बैठक में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न केवल अनुचित है, बल्कि इससे कर्मचारियों का मनोबल भी प्रभावित होता है। ज्ञापन में इंजीनियरों ने कहा कि उनका काम केवल निर्माण कार्यों की निगरानी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सर्वेक्षण, प्राक्कलन, निविदा प्रक्रिया, निर्माण कार्यों का मापन, गुणवत्ता नियंत्रण, उपयोगिता प्रमाण-पत्र, भवन अनुज्ञा जैसे 20 से अधिक और काम करने पड़ते हैं। इंजीनियरों ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों के अनुरूप उन्हें बार-बार स्थल निरीक्षण, सर्वेक्षण और प्राक्कलन में संशोधन करना पड़ता है। कई बार भूमि उपलब्धता, सीमांकन, अतिक्रमण, बजट, स्थल परिवर्तन, विभागीय स्वीकृतियों और विभिन्न शाखाओं के समन्वय जैसी व्यावहारिक बाधाओं के कारण परियोजनाओं में विलंब होता है, जिसे अभियंताओं की कार्यशैली से जोड़ना उचित नहीं है।

### ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें भी रखी गईं

अभियंताओं ने अपने ज्ञापन में छह प्रमुख मांगें भी रखीं। इनमें एमआईसी बैठक में की गई टिप्पणी का अधिकृत संज्ञान लेने, संबंधित एमआईसी सदस्य से सार्वजनिक रूप से टिप्पणी वापस लेकर पूरे अभियंता संवर्ग से सामूहिक क्षमा-याचना कराने, इस आपत्ति को अगली एमआईसी बैठक के कार्यवृत्त में दर्ज करने, भविष्य में अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सार्वजनिक बैठकों में अपमानजनक टिप्पणियों पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट आचार-मानक तय करने, कार्यों की समीक्षा के दौरान अभियंताओं के वास्तविक कार्यभार और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखने तथा प्रत्येक जोन और विभाग में रिक्त पदों की समीक्षा कर आवश्यक तकनीकी, लिपिकीय और मैदानी स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।

### निगम की व्यवस्थागत कमियों का भी उल्लेख

ज्ञापन में निगम की व्यवस्थागत कमियों का भी उल्लेख किया गया। अभियंताओं ने कहा कि कई जोन और विभागों में लिपिकीय कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक, सुपरवाइजर और मैदानी अमले की भारी कमी है। ऐसे में अभियंताओं को तकनीकी कार्यों के साथ-साथ नस्ती तैयार करने, पत्राचार, प्रतिवेदन बनाने, पोर्टल एंट्री और अन्य प्रशासनिक कार्य भी स्वयं करने पड़ते हैं। सीमित संसाधनों और बढ़ते कार्यभार के बावजूद अभियंता लगातार विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटे हैं। ऐसे में पूरे संवर्ग को अपमानित करने वाली टिप्पणी न्यायसंगत नहीं मानी जा सकती।

---

# गौहत्या निषेध की मांग लेकर नंदीबाबा पहुंचे कलेक्टोरेट

**बिलासपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गौहत्या निषेध को लेकर केंद्रीय गौ मंत्रालय स्थापित करने सहित 30 प्रमुख मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कामधेनु गौशाला नूर महल लुधियाना से कलेक्टोरेट पहुंचे नंदी महाराज लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अपने चेंबर से बाहर निकलकर नंदीबाबा के समक्ष ज्ञापन स्वीकार किया।

- **चेंबर से बाहर निकले कलेक्टर**

गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत साधु-संतों एवं युवाओं का दल सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंचा। ज्ञात हो कि बीते छह माह से देशभर के संतों, गौसेवकों एवं



गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इसके अंतर्गत कलेक्टर के माध्यम से 3 लाख 98 हजार 534 हस्ताक्षर प्रार्थना स्वरूप भारत सरकार को प्रेषित किया गया। आयोजन की शुरूआत राम मंदिर तिलकनगर से की गई। इसके उपरांत संस्कृत विद्यालय के विद्वानों द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण एवं गौ यज्ञ संपन्न हुआ। गोभक्तों ने झंडे, बैनर, अभियान संदेशों वाले प्लेकार्ड एवं भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना-यात्रा निकालते हुए सुबह 11 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को सौंपे गए थे। इन मांगों पर अपेक्षित निर्णय न होने के कारण अभियान के द्वितीय चरण में आज पुनः देशभर के 790 जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित अनुस्मारक (रिमाइंडर) प्रार्थना-पत्र सरकार को प्रेषित किए गए।

---

# आरआई आफिस में रोके जा रहे प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑनलाइन डायवर्सन का जिले में हाल-बेहाल है। पक्षकारों से आर्थिक लाभ नहीं मिल पाने की स्थिति में प्रकरण डेढ़ से दो महीने तक लटकाकर रखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति ऑनलाईन डायवर्सन के लिए चालान सहित आवश्यक सारे दस्तावेजों की स्कैनिंग के डेढ़ से दो महीने बाद तक देखी जा रही है। पक्षकार तहसील ऑफिस में आदेश के लिए चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

डायवर्सन के लिए अब पक्षकारों को तहसील व एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि यह ऑनलाईन आधार पर किया जाएगा। सरकार के इस निर्णय के बाद जमीन मालिकों में खासा उत्साह देखने को मिला था, लेकिन ऑनलाईन डायवर्सन की जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। ऑनलाईन डायवर्सन के लिए पक्षकारों के द्वारा प्रकरण जमा

- **ऑनलाइन डायवर्सन का हाल-बेहाल**
- **परेशान हो रहे पक्षकार**

तो किए जा रहे हैं, लेकिन आरआई शाखा में एक-एक महीने तक प्रकरण रोककर रखा जा रहा है। प्रकरण रोककर रखने की वजह कभी खुद की व्यस्तता तो कभी फाईल ही जमा नहीं होना बताई जा रही है। पंद्रह दिनों में आसानी से हो सकने वाले डायवर्सन के लिए अगर दो-दो महीने का समय लगाया जाए तो यह पक्षकारों के लिए सुविधा के स्थान पर असुविधा और सिरदर्द अधिक साबित हो रही है।

ऑनलाईन डायवर्सन के लिए बी-वन की नकल, भूमि का नक्शा, टीएनसी से भूमि की उपयोगिता, आरआई रिपोर्ट के अलावा शासन को चालान के रूप में जमा की गई रकम की रसीद की कॉपी की जरूरत होती है।

इन सारे दस्तावेजों की पोर्टल में स्कैनिंग की जाती है, जिसके बाद आरआई दस्तावेजों की चेकलिस्ट के साथ प्रकरण हस्ताक्षर हेतु एसडीएम को प्रस्तुत करते हैं। अब एसडीएम को प्रकरण प्रस्तुत करने में ही डेढ़ से दो महीने लगा दिए जाएंगे, तो डायवर्सन का आदेश पंद्रह दिनों में कैसे जारी हो सकेगा?

### पंद्रह दिनों में होना था देश, या निरस्तीकरण?

राजस्व विभाग के अनुसार शासन द्वारा ऑनलाईन डायवर्सन के अंतर्गत पंद्रह दिनों के भीतर डायवर्सन हो जाने की समयसीमा तय की गई है। इसके अंतर्गत सारे दस्तावेजों की स्कैनिंग के बाद पंद्रह दिनों के भीतर या तो दस्तावेजों की कमी, या लोकेशन के आधार पर तय चालान शुल्क में कमी को आधार बताकर प्रकरण निरस्त कर दिया जाएगा, या फिर स्वयमेव डायवर्सन का आदेश जारी हो जाएगा। जबकि ऐसा कुछ हो नहीं रहा है, दो-दो महीने से प्रकरण रोककर रखे जा रहे हैं।

### पक्षकार चर्चा कर सकते हैं

सारे प्रकरणों में तो ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। फिर भी अगर किसी पक्षकार को आदेश जारी होने में बेवजह विलंब जैसी बात लगे तो पक्षकार स्वयं आकर बात कर सकते हैं।

**-मनीष कुमार साहू,** एसडीएम बिलासपुर

---

# ओवर ब्रिज के नीचे पानी से भरे गड्ढे में पलटा आटो, 9 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज : अकलतरा

अकलतरा में ओव्हरब्रिज के नीचे एक ऑटो अनियंत्रित होकर शनिवार की शाम सड़क किनारे स्थित तालाबनुमा गड्ढे में जा गिरा। ऑटो में सवार महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। आटो में दो दूधमुंहे नवजात बच्चे भी सवार थे।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दर्राभाटा निवासी सिदार परिवार अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होकर पामगढ़ से ऑटो रिक्शा के माध्यम से अपने गांव लौट रहा था। शाम लगभग 7:30 बजे अकलतरा ओवरब्रिज के नीचे से पोड़ी दल्हा मार्ग की ओर मुड़ते समय ऑटो पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में जा पहुंचा। हादसे के बाद ऑटो में सवार महिलाओं और बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इसी दौरान जनपद पंचायत सदस्य निलेश



बच्चे का इलाज करते चिकित्सक।

सिंह, उनके साथी अंकित सिंह सिसोदिया, अनिल खांडे और राजकुमार सिंह कांग्रेस के कैंडल मार्च से लौट रहे थे। उन्होंने घटना को देखते ही बिना देर किए बचाव कार्य में सहयोग किया और महिलाओं तथा बच्चों को अपनी कार से तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ऑटो में अनुराग सिदार 15 वर्ष, कुमार सिदार 65 वर्ष, मुस्कान सिदार 25 वर्ष, कृष्णा बाई सिदार 55 वर्ष, भारती सिदार 26 वर्ष, रानी सिदार 30 वर्ष, शिवांश सिदार 6 वर्ष, रिया सिदार 5 वर्ष, गापा सिदार 8 वर्ष के साथ दो नवजात शिशु अयांश सिदार 1 माह और लव सिदार 2 माह भी सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक गड्ढों की तत्काल मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है।

## खबर संक्षेप

### पार्षदों, अधिकारी कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण

**कोरबा।** जिला प्रशासन व निगम का पर्यावरण संरक्षण, हरित कोरबा एवं कोरबा को हरीतिमायुक्त बनाने का अभियान लगातार जारी है, सोमवार को कोरबा जोन अंतर्गत सुनालिया पुल से मल्टीलेवल पार्किंग तक मुख्य मार्ग पर सघन वृक्षारोपण किया गया, निगम के स्थानीय पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों व अन्य नागरिकों ने स्थल पर पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण का संरक्षण करने, कोरबा को हरा-भरा बनाने के संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

### महेंद्र बने अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रदेश महासचिव



**कोरबा।** बालको निवासी महेंद्र सिंह टंडन को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव एवं प्रभारी जिलाध्यक्ष कोरबा और जांजगीर चम्पा बनाया गया है। महेंद्र सिंह टंडन ने अपनी नियुक्ति पर हर्ष जताया और आभार व्यक्त किया। प्रदेशाध्यक्ष एल आर केवट का और प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश केवट का और विशेषकर डॉ वीपेन्द्र कुमार महेश छत्तीसगढ़ प्रदेश मुख्य महासचिव को विश्वास दिलाया है कि वह उनके विश्वास पर खरे उतरेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को प्रदेश में ही नहीं अपितु संभाग, जिला, ब्लाक और पंचायत स्तर में जमीन से जुड़कर कार्य करेंगे।।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खनन प्रभावित क्षेत्रों...

जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। 22 नवीन उप-स्वास्थय केंद्रों का निर्माण ग्रामीण स्वास्थय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

### बारिश में मिला...

बनी हुई है। दूषित पानी पीने की मजबूरी हो गई है। बरसात के मौसम में खराब खाना के साथ उन्हें दूषित पानी पीना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में छात्रों का स्वास्थ्य खराब हुआ है। छात्रों के हंगामे को देख विधायक पटेल ने मौके पर स्कूल प्रबंधन से भी बात की और व्यवस्था की जानकारी ली। छात्रों के हंगामे से एकलव्य आवासीय विद्यालय की वास्तविक स्थिति सामने आ गई है। इसके पूर्व भी अभिभावकों ने खाने को लेकर शिकायतें की थी। उसके बावजूद भोजन की व्यवस्था पर सुधार नहीं हुआ। परिणाम स्वरूप छात्रों का गुस्सा सोमवार को फुट पड़ा।

### वृद्धा की हत्या...

नाती दामाद ग्राम नीमपानी निवासी हीरालाल 50 वर्ष पिता प्यारेलाल ने ही वारदात को अंजाम दिया था फिर क्या था पुलिस ने तत्काल हीरालाल को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसने समारीन बाई की हत्या करना कबूल किया। चौबीस घंटे के भीतर ही पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्या की वारदात और दंपति पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### कोरबा व कटघोरा...

मौके पर पहुंची और लोनर हाथी को खदेड़ा गया और ग्रामीणों के हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार किया गया। वहीं दूसरी ओर कोरबा वन मंडल अंतर्गत करतला रेंज के घोटमार से कल्गामार के बीच गांव में भी एक दंतैल हाथी ने दस्तक दी है। करतला वन परिक्षेत्र के अधिकारी अक्ष ऋषि ने बताया कि दंतैल हाथी कल्गामार और घोटमार के जंगल में विचरण कर रहा है। इस हाथी ने अब तक नुकसान नहीं किया है लेकिन दंतैल हाथी होने की वजह से आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों में मुनादी कर लोगों को सावधन किया है।

### ऑपरेशन सिंदूर...

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्थानीय कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम की भावना से जुड़ते हुए सभी नागरिकों से अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाने की अपील की।

समक्ष : श्रीमान नोटरी पब्लिक कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती संगीता रावत, उम्र लगभग 49 वर्ष, पति- श्री संतोष कुमार, जाति- रावत, निवासी- सी-61, एस.एस. ग्रीन कालोनी, डी.डी.एम, स्कूल मार्ग, वार्ड क्रमांक 02, तुलसीनगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :-

01. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं तथा मेरा आधार क्रमांक 39530690 8714 है।
02. यह कि मेरा विवाह 11/10/2005 को संतोष कुमार के साथ संपन्न हुआ है।
03. यह कि मेरे पति का नाम संतोष कुमार पिता-लक्ष्मण सिंह है तथा उनकी जाति- रावत (राजपूत) है तथा मेरे पति के आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरे पति का नाम संतोष कुमार है जो कि सत्य एवं सही है।
04. यह कि मेरे पति के समस्त दस्तावेजों में उनका सरनेम (उपनाम) नहीं लिखा है तथा उनकी जाति-रावत (राजपूत) है।
05. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पति संतोष कुमार के नाम में सरनेम (उपनाम) रावत दर्ज नहीं होने के संबंध में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित विभाग/कार्यालय में साक्ष्य स्वरुप प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
**श्रीमती संगीता रावत**
पति- श्री संतोष कुमार
निवासी- सी-61, एस.एस. ग्रीन कालोनी,
डी.डी.एम, स्कूल मार्ग, वार्ड क्रमांक 02,
तुलसीनगर कोरबा
तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

## जल संसाधन विभाग की मनमानी, एसडीएम का आदेश भी बेअसर

# नाले की अधूरी खुदाई से खेतों और राइस मिलों में भर रहा पानी, मिलर्स में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कसनिया वार्ड नं 14 (मरखी माता क्षेत्र) बरसात के मौसम में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कसनिया स्थित मरखी माता के पास क्षेत्र के किसान और राइस मिल संचालक गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग की लापरवाही और उदासीनता के कारण नाले की खुदाई का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे बारिश का पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। परिणामस्वरूप नाले में पानी का भराव हो जाता है और इसका सीधा असर आसपास के खेतों तथा राइस मिलों पर पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार मरखी माता के पास करीब 3 मीटर हिस्से में नाले की खुदाई अभी तक नहीं की गई है। यही छोटा-सा अधूरा हिस्सा पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है। नाले का पानी आगे नहीं बढ़ पाने से पीछे की ओर पानी जमा हो जाता है, जिससे राइस मिलों के पीछे स्थित खेत पूरी तरह जलमग्न हो जाते हैं। कई बार जलभराव इतना बढ़ जाता है कि पानी राइस मिल परिसरों में प्रवेश कर मशीनों, कच्चे माल और अन्य संसाधनों को नुकसान पहुंचाने लगता है।



खेत में भरा पानी।

इतना ही नहीं, पानी मिलों से होकर मुख्य सड़क तक पहुंच जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय राइस मिल संचालकों का कहना है कि बरसात के दिनों में हर साल यही स्थिति बनती है, लेकिन जल संसाधन विभाग समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। विभाग की अनदेखी के कारण उद्योगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं किसानों की फसलें भी जलभराव से प्रभावित हो रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की शेष खुदाई पूरी कर दी जाए तो पूरे क्षेत्र की जल निकासी सुचारु हो सकती है और इस गंभीर समस्या से राहत मिल सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रवासियों और राइस मिल संचालकों ने इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से की थी। शिकायत के बाद एसडीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए जल संसाधन विभाग के एसडीओ को तत्काल नाले की खुदाई कर जल निकासी सुनिश्चित करने तथा की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक न तो खुदाई का कार्य शुरू किया गया है और न ही आदेशों के पालन को लेकर कोई संतोषजनक कार्रवाई सामने आई है। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी क्यों की जा रही है।

### सड़क में पानी भरने से आवागमन होगा बाधित

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की खुदाई पूरी नहीं की गई तो आगामी बारिश में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। लगातार जलभराव से राइस मिलों का संचालन प्रभावित होगा, किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचेगा और सड़क पर पानी भरने से आम लोगों की आवाजाही भी बाधित होगी। राइस मिल संचालकों, किसानों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए तत्काल नाले की शेष खुदाई पूरी कराई जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी जल निकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# तेज बारिश और आकाशीय बिजली से शहर की विद्युत व्यवस्था हो गई थी बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार की देर शाम मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट बदली और देखते ही देखते पूरा आसमान अंधेरा हो गया और तेज बारिश व तेज आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली चमकने लगी।

**खास बात**

- देर शाम हुई झमाझम बारिश

आकाशी बिजली इतनी तेज थी की लोग सकते में आ गए थे तो वहीं दूसरी और आकाशीया बिजली गिरने व बारिश होने से शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि सोमवार की देर शाम तेज झमाझम बारिश हुई इसके साथ तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने लगी। इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। घंटेभर झमाझम बारिश और आकाशीय बिजली की वजह से विद्युत विभाग को भारी नुकसान हुआ है। इंसुलेटर पंचर हो गए तो कहीं तार टूटकर गिर गए, जिसकी वजह से शहर के अलग-अलग हिस्सों में बिजली व्यवस्था बाधित हो गई। लगातार बारिश होने की वजह से विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को भी विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश होने के बाद विद्युत विभाग के आधिकारिक कर्मचारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों पर निकाली और विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास किया गया। जिसके बाद एक-एक क्षेत्र के विद्युत व्यवस्था को बहाल किया गया और देर रात तक शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में सफलता हासिल हो सकी। बताया जाता है कि आकाशीय बिजली गिरने से विभाग को खासा नुकसान हुआ है।

### जिले में अब तक 497.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कोरबा। जिले में 1 जून से 27 जुलाई तक कुल 497.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में जिले की तहसील कोरबा में 521 मिलीमीटर, अजगरबहार 355.8, भैंसमा, 438.4, करतला 447.3, बरपाली 531.9, कटघोरा 501.1 दीपका 533.2, दर्री 644.3, पाली 518.8, हरदीबाजार 417.2, पोंड़ीउपरोड़ा 540.4, और पसान तहसील में 521.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# कटबितला की सड़क उखाड़कर ठेकेदार ने झाड़ा पल्ला, आफत में ग्रामवासियों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत कटबितला अंतर्गत बरीडीह से कटबितला पहुंच मार्ग पिछले डेढ़ वर्ष से अधूरा पड़ा है। सड़क निर्माण के नाम पर मार्ग को खोदकर बोल्डर बिछा दिए गए, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। नतीजा यह है कि इस बारिश में ग्रामीणों का उस रास्ते से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बरसात में कीचड़ और गड्ढों के कारण हालात और भी बदतर हो गए हैं जबकि दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों के लिए यह मार्ग खतरे का कारण बन चुका है।



बारिश से जर्जर हुई पीएम सड़क।

समस्या को लेकर ग्राम पंचायत कटबितला की सरपंच श्रीमती अचला कंवर ने कलेक्टर और पीडब्ल्यूडी अधिकारी को पत्र लिखकर सड़क निर्माण तत्काल पूरा कराने की मांग की थी। उन्होंने पत्र में बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़क उखाड़ने के बाद बोल्डर डाल दिए गए, जिससे लोगों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ठेकेदार यह कहकर पल्ला झाड़ रहा है कि उसका टेंडर समाप्त हो चुका है, जबकि सड़क आज भी अधूरी पड़ी हुई है। सरपंच के पत्र के जवाब में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्यपालन अभियंता ने स्वीकार किया है कि संबंधित सड़क का कार्य डी.सी. कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा था। समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने पर विभाग ने दिसंबर 2025 में ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर दिया। अब शेष कार्य को पूरा कराने के लिए री-टेंडर (पुनः निविदा) की प्रक्रिया शुरू की जा रही है और नई एजेंसी तय होने के बाद निर्माण कार्य कराया जाएगा। हालांकि विभाग ने ठेका निरस्त होने की जानकारी दे दी है, लेकिन इससे ग्रामीणों की परेशानी कम नहीं हुई है। सवाल यह है कि जब सड़क पहले ही खोद दी गई थी, तब उसे अधूरा छोड़ने की जिम्मेदारी किसकी है? नई निविदा पूरी होने तक आखिर ग्रामीण कब तक जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरते रहेंगे? ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को केवल री-टेंडर की प्रक्रिया का इंतजार करने के बजाय तत्काल अस्थायी मरम्मत कर आवागमन सुचारु कराना चाहिए। उनका कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण मरीजों, स्कूली बच्चों, किसानों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। अगर जल्द निर्माण शुरू नहीं हुआ तो यह मार्ग किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकता है।

# शिविर में 85 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 16 मरीज मिले मोतियाबिंद के

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी एवं श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कबीर सत्संग भवन, संत कबीर दास मोहल्ला, छुरीकला में जोन चेयरपर्सन मनोज गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में निःशुल्क नेत्र जांच एवं परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया।

**खास बात**

- लायंस क्लब कटघोरा छुरी एवं गणेश विनायक आई हास्पिटल का संयुक्त आयोजन



आंखों का परीक्षण करते चिकित्सक।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 85 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 16 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, जिनका लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी एवं श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इसके साथ ही करीब 80 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं शुगर परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया ने कहा कि लॉयन्स क्लब का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्यों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार का लाभ मिलता है। मुख्य अतिथि जोन चेयरपर्सन मनोज गुप्ता ने कहा कि लॉयन्स क्लब का मूल उद्देश्य हम सेवा करते हैं की भावना को साकार करना है। समाज के जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना क्लब की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, इसलिए समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराना आवश्यक है। ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी मिलती है। उन्होंने लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी एवं श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल, कोरबा की पूरी टीम को इस जनसेवा कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में गणेश हॉस्पिटल से अनूप शुक्ला, तरण खूंटे, संध्या, मनीष चौहान, डा सीताराम सीरसो, डॉ प्यारेलाल आदिले, रमेश श्रीवास, रीजन पीआरओ व संरक्षक अजय धनोंदिया, सचिव नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, विजय बाजपेयी, सुधीर पाण्डेय, क्लब के पदाधिकारी, सदस्य, चिकित्सकगण, स्वास्थ्यकर्मी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कोरबी में चक्काजाम स्थगित, बैठक में बिजली विभाग ने 10 मांगों पर दिया समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम कोरबी एवं आसपास के 35-40 गांवों में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज ग्रामीणों ने 28 जुलाई को कोरबी बस स्टैंड में चक्काजाम करने का निर्णय लिया था। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोड़ी उपरोड़ा तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा था। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार बंजारे की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग की ओर से ई. शेखर सोनी, एई दिनेश पालके, जेई अंजू, जेई पसान सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विस्तृत चर्चा के बाद विभाग ने प्रमुख मांगों पर चरणबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने फिलहाल 28 जुलाई का प्रस्तावित चक्काजाम स्थगित करने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में ई. शेखर सोनी ने ग्रामीणों की मांगों को जायज बताते हुए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रस्तावित चक्काजाम फिलहाल स्थगित कर दिया।

### सीएमएचओ ने निरीक्षण

**कोरबा।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रगति की मॉनिटरिंग हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी के द्वारा सोमवार को सामु.स्वा.केन्द्र पोंडी उपरोड़ा तथा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर दर्री बस्ती का औचक निरीक्षण किया गया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE — हम रखते हैं आपकी आंखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगो की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के दूरस्थ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आए आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर जांच कर गंभीरता से समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में विभिन्न विभागों से कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके अंतर्गत नवीन अंत्योदय पात्रता कार्ड, वन पट्टे का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन, सीपेट में प्रवेश, स्कॉलरशिप, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, स्कूलों में मानदेय शिक्षक की भर्ती में अनियमितता की शिकायत जांच, जमीन का सीमांकन, बैटरी ट्राई साइकिल, बिजली बिल अधिक आने की शिकायत, अतिक्रमण पर कार्यवाही , सड़क मरम्मत, पेंशन दिलाने, मुआवजा सहित अन्य विषयों के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, सहायक कलेक्टर ईशांत जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विजय बने विहिप के प्रांत सहमंत्री



**कोरबा।** विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ ने संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियों की घोषणा की है। इसी क्रम में विजय राठौर को विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत सहमंत्री नियुक्त किया गया है। राठौर ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा हमारा कर्तव्य, संस्कृति का संरक्षण हमारा संकल्प, समाज का संगठन हमारी शक्ति और सेवा-समर्पण विश्व हिंदू परिषद की पहचान है।

### छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल होंगे शामिल



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय द्वारा 28 जुलाई को रायपुर स्थित कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव-2026 में छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय की संचालक आईएएस तनुजा सलाम द्वारा भेजे गए आधिकारिक आमंत्रण पत्र में अनिल द्विवेदी को राज्य के खेल विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान एवं ताइक्वांडो के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर अनिल द्विवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित यह स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव राज्य के खेलों के भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। उन्होंने बताया कि वे इस कॉन्क्लेव में भाग लेकर ताइक्वांडो सहित अन्य खेलों के विकास, खिलाड़ियों के हितों, खेल अधोसंरचना तथा खेल प्रशासन से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव साझा करेंगे।

### कोरबी में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**कोरबा।** सिरमिना मंडल के कोरबी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 136वां एपिसोड मंडल प्रभारी डॉ पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष के उपस्थिति में सुना गया। जिसमें मंडल के अशोक रजक, रविंद्र बाजपेयी, दुबे प्रसाद मंडल मंत्री, राजकुमार, राजू राम मरावी सरपंच, जवाहर सिंह, विनोद टंडन, मोहनलाल,विनेश रजक सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन सुने।

# बिंझरा में रंगोली, नुक्कड़ नाटक और पौधरोपण से दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिंझरा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विविध जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, नारा एवं स्लोगन लेखन के साथ-साथ वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण गतिविधियां संपन्न कराई गईं। इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हैंडपंप के पास जल निकासी व्यवस्था सुधारने, सूखते गड्ढों के समतलीकरण तथा

**नशामुक्ति के लिए शिक्षण संस्थाओं में चल रहा सघन अभियान**

**खास बात**

- अभियान में नशे से होने वाले दुष्परिणामों से ग्रामीणों को कराया जा रहा अवगत




पानी भरे गड्ढों को पाटने का श्रमदान कार्य भी किया। नशा मुक्ति विषय पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक चित्रों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती भीमती मिंजलता सिंह, वरिष्ठ शिक्षकगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के मार्गदर्शकों की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बिंझरा द्वारा आयोजित यह अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण तथा नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

प्रतिदिन डेढ़ सौ ओपीडी आ रही हैं सामने

# धरी की धरी रह गई पाली सीएचसी को सिविल अस्पताल बनाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत लगभग 100 गांव के मरीज आश्रित हैं। प्रतिदिन डेढ़ सौ ओपीडी अस्पताल में सामने आती है। 30 बेड पूर्व से ही यहां

**खास बात**

- नए वार्ड बनाने क लिए पुराने भवन होंगे डिस्मेंटल

उपलब्ध है। अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए सिविल अस्पताल बनाने की घोषणा पूर्व सरकार के समय की गई थी। लेकिन सरकार बदलने के साथ ही घोषणा धरी की धरी रह गई। नए वार्ड बनाने के लिए पुराने भवन को डिस्मेंटल करने की योजना जरुर बनी है।

जिले के सबसे बड़े ब्लाक में शामिल पाली का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र के एक मात्र सबसे बड़ा अस्पताल है। जहां वर्ष भर बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। पूर्व में 30 बेड ही अस्पताल में उपलब्ध थे। जिसे बाद में 20 बेड बढ़ाकर 50 बेड जरूर किया गया है। लेकिन जिस तरह से दिनों दिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है उससे 50 बेड



फाइल फोटो

**पाली ब्लाक में 147 गांव**

पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के बाद पाली ब्लाक जिले का सबसे बड़ा ब्लाक है। जिसके अंतर्गत 147 गांव आते हैं। इन गांवों में 60 से 70 गांव के ग्रामीण हरदीबाजार और दीपका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से अपनी उपचार सुविधा लेते हैं। शेष 70-80 गांव के लोग पाली सीएचसी पर ही निर्भर रहते हैं। इतने गांव की एक बड़ी आबादी का पाली अस्पताल के उपर निर्भर रहना और उसके बाद भी अतिरिक्त वार्ड का निर्माण नहीं होना मरीजों की समस्या को और भी बढ़ाता है। मजबूरी में लोग अब उपचार के लिए बिलासपुर की ओर रूख करने लगे हैं।

भी कम पड़ने लगे हैं। पूर्व कांग्रेस सरकार के समय स्थानीय निवासियों ने पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सिविल अस्पताल बनाने के लिए मांग भी की थी। क्षेत्र वासियों की मांग पर पाली सीएचसी को सिविल अस्पताल बनाने के लिए घोषणा भी की गई। जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने की उम्मीद जगी थी। किन्तु सरकार बदलने के साथ ही क्षेत्र वासियों की उम्मीद धरी की धरी रह गई। अस्पताल में बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए भी बेड संख्या बढ़ाने और नए

**बन सकेंगे 3 नए वार्ड**

पाली अस्पताल परिसर में स्थित पुराने जर्जर भवन का उपयोग नहीं होता है। उक्त भवन को डिस्मेंटल किए जाने के बाद 3 नए वार्ड बन सकते हैं। जिसमें बेड संख्या बढ़ने के साथ ही मरीजों को दाखिल करने के लिए अतिरिक्त बेड की सुविधा मिल जाएगी। वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण अस्पताल की गैलरी में अतिरिक्त बेड लगाकर मरीजों को दाखिल कराया जाता है।

वार्ड बनाने को लेकर भी होने वाली पहल भी रुक गई थी। कुछ दिन पूर्व कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली एसडीएम रोहित सिंह को अस्पताल की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण के निर्देश दिए थे। एसडीएम के द्वारा चिकित्सकों एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में अस्पताल का निरीक्षण किया था। और अस्पताल परिसर में बने पुराने जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर उनकी जगह नए वार्ड बनाए जाने के लिए जगह चयनित की थी। जिसका एक प्रतिवेदन जिला प्रशासन को भेजा है। उक्त प्रतिवेदन के बाद आगे की कार्रवाई जिला प्रशासन के पहल पर ही होगी।

# खेत की मेड़ पर खाना खा रही महिलाओं पर गिरी गाज, एक की मौत, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 52 वर्षीय महिला अपने दो अन्य साथियों के साथ खेत में काम कर रही थी। जहां दोपहर को खाना

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदपुर दर्री का मामला

खाने के लिए मेड़ में बैठकर तीन लोग खाना खा रहे थे कि इसी दौरान मौसम अचानक करवट बदली और आकाशीय बिजली महिलाओं के ऊपर आ गिरी जिसे इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है जबकि दो लोगों को मामूली झटका लगा है।

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिंदपुर दर्री निवासी झुनिया बाई 52 वर्ष पति स्व छबिलाल अपने एक रिश्तेदार रितु सहित एक अन्य के साथ रविवार की सुबह खेत पर निदांई करने गए हुए थे जहां दोपहर लगभग 1:30 बजे तीनों लोग मेड़ पर बैठकर खाना खा रहे थे कि इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट बदली और झमाझम बारिश के साथ आकाशीय गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। कुछ क्षण बाद ही आकाशीय बिजली सीधे झुनिया बाई पर आ गिरी जिसकी चपेट में आने से झुनिया बाई गंभीर रुप से झुलस गई जबकि रितु और एक अन्य महिला भी उसकी जद में आ गई लेकिन उन्हें मामूली झटका ही लगा था। तीनों को उपचार के लिए भिलाई स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान झुनिया बाई की मौत हो गई है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान



पंचनामा कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलगीखार निवासी दीपक कुमार कंवर उम्र 27 वर्ष पिता ईश्वर सिंह कंवर ने अपने घर पर रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सुबह परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने घटना की सूचना बांकी पुलिस को दी गई। बांकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस क प्रारंभिक जांच के अनुसार दीपक कुमार की बाइक कुछ दिन पहले गुम हो गया था जिससे परेशान होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही कर रही है।

### चाकू से हमला करने वाले आरोपी को मिली 5 वर्ष सश्रम कारावास

**कोरबा।** चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे पांच वर्ष सश्रम करावास व 2 हजार रुपए से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल ने बताया कि प्रार्थीया उषा महंत 21 नवंबर 2020 में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 20 नंबवर 2020 को रात्रि करीब 9 बजे उसके घर के बाहर उसके पति सुनील दास महंत एवं कमलेश दास महंत के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद होने की आवाज सुनकर वह अपने घर से बाहर अपने पति के पास गई तो उसके पति को आरोपी कमलेश दास महंत गाली गलौच कर रहा था इस दौरान आरोपी ने अपने पास में रखे चाकू से उसके पति सुनील दास महंत के पेट में मार दिया जिससे उसे गंभीर चोंट आयी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम करावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

# मवेशियों को सड़कों से हटाने नगर निगम का अभियान लगातार जारी



मवेशियों को ले जाते हुए निगम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से हटाने का अभियान लगातार जारी है , विगत एक माह.के दौरान शहर की सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले 65 से अधिक मवेशियों को सड़कों से उठाकर गोकुलनगर पहुंचाया गया है, निगम द्वारा प्रतिदिन यह कार्यवाही की जा रही है, सड़कों से मवेशी उठाने के दौरान वहां पहुंचने वाले संबंधित पशुपालकों को कड़ी समझाईश भी दी जा रही है कि वे मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े।

उल्लेखनीय है कि पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, अनेक दुर्घटनाएं हो भी गई हैं, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगडती है, साथ ही मवेशियों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। निगम द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़क से उठाने तथा उन्हें सुरक्षित गोकुलनगर पहुंचाने की नियमित कार्यवाही की जा रही है, विगत एक माह के दौरान सड़कों से लगभग 65 से अधिक मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सुरक्षित उठाकर गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचाया गया है, जहां पर निगम द्वारा मवेशियों के चारे, पानी आदि की समुचित व्यवस्था भी की गई है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर के पशुपालकों, डेयरी व्यवसायियों से कहा है कि वे अपने पालतू मवेशी स्वच्छंद विचरण हेतु सड़कों पर खुला न छोड़े, इससे शहर की यातायात व्यवस्था बाधित होती है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा लोगों के जान-माल के खतरे की आशंका रहती है, वहीं सड़कों पर खुला विचरण करने वाले मवेशियों के घायल होने की संभावना बनती हैं, सड़क पर आने जाने वाले आमनागरिकों व वाहन चालकों को अनावश्यक असुविधा का सामना भी करना पड़ रहा है। अतः अपने मवेशियों को अपने घर या नियत स्थल पर सुरक्षित रूप से रखें, उन्हें सड़कों पर खुला न छोडे।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की पाली में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि ) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7581808267,7049267780

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

कटघोरा नगर पालिका में नव-नियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह

# नगर विकास में निभाएं सक्रिय भूमिका, जनता की अपेक्षाओं पर उतरें खरा : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा में सोमवार को नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने नव-नियुक्त एल्डरमैन मनोज नायडू, धन्नू प्रसाद दुबे, बजरंग पटेल, देव दुबे एवं श्रीमती अर्चना अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

समारोह में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, लालबाबू सिंह ठाकुर, जनप्रतिनिधि, पार्षद, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट के साथ हुआ। शपथ ग्रहण के उपरांत विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि एल्डरमैन का दायित्व केवल सम्मान का पद नहीं, बल्कि जनता की सेवा का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों



एल्डरमैन को शपथ दिलाते विधायक।

को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने नव-नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे नगर हित के प्रत्येक निर्णय में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि नगर के विकास की गति तभी तेज होगी जब सभी जनप्रतिनिधि समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नव-नियुक्त एल्डरमैन अपने अनुभव एवं सुझावों से परिषद को नई दिशा देंगे और विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने कहा कि पद एवं गोपनीयता की शपथ केवल संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प है। उन्होंने सभी एल्डरमैनों से संविधान की मर्यादा का पालन करते हुए निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। समारोह के दौरान नव-नियुक्त एल्डरमैनों का पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ अभिनंदन किया गया। सभी ने नगर के सर्वांगीण विकास, स्वच्छ एवं सुंदर कटघोरा के निर्माण तथा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411